# गुंडाराज पर हुआ प्रहार तो आने लगा निवेश, मिल रहे रोजगार : मुख्यमंत्री

## गीडा के स्थापना दिवस पर बोले योगी निवेश का बेहतरीन डेस्टिनेशन उत्तर प्रदेश

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि माफिया, गुंडाराज और भ्रष्टाचार पर किए गए प्रहार से प्रदेश में खूब निवेश आने लगा है। इससे लाखों की संख्या में युवाओं को रोजगार भी मिल रहे हैं। आज उत्तर प्रदेश सुरक्षा का बेहतरीन माहौल देकर निवेश प्राप्त करने वाला देश का अग्रणी राज्य है। यूपी में निवेशकों और उनकी पूंजी की सुरक्षा की गारंटी है। अपना प्रदेश निवेश का बेहतरीन डेस्टिनेशन बन चुका है। उन्होंने कहा कि गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) में सात साल पहले तक उद्यमी, उद्योग लगाने से कतराते थे। अब गीडा पूर्वी उत्तर प्रदेश के विकास का प्रमुख स्तंभ बनकर उभरा है और 800 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में विस्तार ले चुका है। प्राधिकरण तेजी से अपना लैंड बैंक बढ़ा रहा है।

मुख्यमंत्री शनिवार को गीडा के 35वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में सीएम ने 1068 करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश के लिए आवंटित 85 भूखंडों में से पांच निवेशकों को अपने हाथों से आवंटन प्रमाण पत्र सौंपा। उन्होंने गीडा स्थित नाइलिट कैंपस से कौशल विकास का प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं को भी प्रमाण पत्र वितरित किए। साथ ही निवेश मित्र पोर्टल पर इंटीग्रेट होने वाली गीडा की 20 सुविधाओं का शुभारंभ किया। प्रदेश सरकार की निवेश प्रोत्साहन नीति के अंतर्गत दस निवेशकों को 300 करोड़ रुपये का इन्वेस्टमेंट इंसेंटिव का प्रतीकात्मक चेक भी सौंपा। गीडा में आयोजित दो दिवसीय ट्रेड शो का भी उद्घाटन किया। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डालर की इकोनामी बनाने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए उत्तर प्रदेश ने 2028-29 तक एक ट्रिलियन डालर योगदान देने का संकल्प लिया है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए विकास, रोजगार और निवेश भी चाहिए। सीएम ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और उद्योग किसी भी क्षेत्र में किया गया निवेश महत्वपूर्ण है। पूंजी छोटी-बड़ी हो सकती है, लेकिन प्रदेश सरकार निवेश का साहस करने वाले सभी निवेशकों का अभिनंदन करती है। हर निवेश विकास का एक माडल है। सीएम ने कहा कि पहले की सरकारें उद्यमियों को निवेश के लिए कोई प्रोत्साहन राशि नहीं देती थीं। वर्तमान सरकार बिना किसी बाधा, हस्तक्षेप के या बिना किसी सिफारिश के इंसेंटिव दे रही है। संबंधित खबर » 8




गीडा के 35वें स्थापना दिवस पर गैलेन्ट के उद्यमी सीपी अग्रवाल व मयंक अग्रवाल को प्रोत्साहन राशि का चेक देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी व महापौर डा. मंगलेश श्रीवास्तव ● जागरण

**85** भूखंडों के आवंटन से 1068 करोड़ के निवेश की राह खुली, मुख्यमंत्री ने दो दिवसीय ट्रेड शो का किया शुभारंभ

### 209 करोड़ के विकास कार्यों का किया लोकार्पण व शिलान्यास

गीडा के स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्राधिकरण के कई सेक्टरों में आधारभूत संरचनाओं के विकास से जुड़ी 209 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इनमें 123 करोड़ रुपये के कार्यों का शिलान्यास और 86 करोड़ रुपये के कार्यों का लोकार्पण शामिल है। शिलान्यास की परियोजनाओं में 94 करोड़ के सिविल और 29 करोड़ रुपये के विद्युत कार्य शामिल हैं। लोकार्पण की परियोजनाओं में 72 करोड़ के सिविल और 14 करोड़ रुपये के विद्युत कार्य सम्मिलित हैं।

### 40 लाख करोड़ के निवेश से डेढ़ करोड़ युवाओं को रोजगार की गारंटी

मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरक्षा के बेहतरीन माहौल, इज आफ डूइंग बिजनेस (कारोबारी सुगमता), शानदार रोड, रेल और एयर कनेक्टिविटी व उद्योगों की मांग के अनुरूप सुदृढ़ लैंड बैंक के चलते आज प्रदेश को 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इतने बड़े पैमाने पर निवेश के धरातल पर उतरने का मतलब है डेढ़ करोड़ युवाओं को रोजगार की गारंटी। उन्होंने कहा कि यूपी के हर जिले में बेहतरीन माहौल बना है। प्रदेश में लगातार निवेश आ रहे हैं। यह सब सार्थक प्रयासों से संभव हुआ है।